तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 11 दिसंबर 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



14 कांग्रेस भवन में मनाई गई शहीद वीर नारायण ...





14 पीपीटी प्रस्तुतीकरण से छात्रों में विषय...




# अर्द्धवार्षिक परीक्षा आज से शुरू, वार्षिक परिणाम में तिमाह-छमाही के अंक अधिभार के रूप में जुड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में गुरुवार से अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। लेकिन इस बार की परीक्षा केवल एक पड़ाव नहीं, बल्कि छात्रों के वार्षिक परीक्षाफल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनने जा रही है। छत्तीसगढ़ शिक्षा विभाग ने मूल्यांकन प्रणाली में बड़ा बदलाव करते हुए यह निर्णय लिया है कि अब कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम तैयार करने में तिमाही और छमाही परीक्षाओं के अंकों को भी अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही, कक्षा 5वीं और 8वीं के साथ-साथ कक्षा 9वीं और 11वीं के वार्षिक परिणाम तैयार करने की पद्धति में भी अहम बदलाव किए गए हैं।

शिक्षा विभाग द्वारा जारी नए दिशानिर्देशों के अनुसार, वार्षिक परीक्षा परिणाम तैयार करने के लिए अंकों का वितरण एक विशिष्ट अनुपात में किया जाएगा। यह सिस्टम शिक्षा के अधिकार कानून लागू होने से पहले 2010 में भी कुछ शिक्षा सत्रों में लागू था। कक्षा पहली से चौथी के इन कक्षाओं के छात्रों के लिए अब वार्षिक परीक्षा परिणाम तिमाही परीक्षा में प्राप्त अंकों का 20 प्रतिशत अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा। छमाही परीक्षा में प्राप्त अंकों का 20 प्रतिशत अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा। प्राप्त अंकों का 60 प्रतिशत अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा।

यह प्रणाली छात्रों पर पूरे वर्ष अध्ययन करने का दबाव बनाएगी और केवल अंतिम परीक्षा के बोझ को कम करेगी। कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक बोर्ड/असेसमेंट परीक्षाओं के परिणाम में छमाही परीक्षा के अंकों को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। छमाही परीक्षा प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 30 प्रतिशत अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा। वार्षिक परीक्षा में प्राप्त अंकों का 70 प्रतिशत अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा।

## परीक्षाओं के अंकों को भी अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा

### फेल न करने के नियम में आया बदलाव

यह नया सिस्टम शिक्षा विभाग के पुराने पैटर्न की ओर लौटने का संकेत देता है, जो 2010 में आरटीई के लागू होने के बाद बदल गया था। आरटीई के तहत कक्षा पहली से आठवीं तक किसी भी छात्र को फेल न करने का नियम लागू किया गया था, जिसके कारण मूल्यांकन को केवल सतत और व्यापक मूल्यांकन तक सीमित कर दिया गया था। हालांकि, बीते कुछ वर्षों में शैक्षणिक गुणवत्ता को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। अब, तिमाही और छमाही परीक्षाओं के अंकों को वार्षिक परिणाम में जोड़कर, विभाग ने एक बार फिर जिम्मेदारीपूर्ण मूल्यांकन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया है।




### कक्षा 9वीं और 11वीं पर अंतिम निर्णय माशिमं के बाद

शिक्षा विभाग ने कक्षा 9वीं और 11वीं के लिए भी छमाही परीक्षा के अंकों का 30 प्रतिशत अधिभार वार्षिक परीक्षा परिणाम में जोड़ने का सैद्धांतिक निर्णय लिया है, यानी 30 (छमाही) + 70 (वार्षिक)। मगर, ये दोनों कक्षाएं माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध हैं। इस कारण, इस नए नियम को पूरी तरह लागू करने से पहले विभाग ने माध्यमिक शिक्षा मंडल को पत्र लिखकर उनकी सहमति और राय मांगी है। मंडल से हरी झंडी मिलने के बाद ही 9वीं और 11वीं के परीक्षा परिणाम तैयार करने की इस नई पद्धति को अंतिम रूप दिया जाएगा।

---

### खबर संक्षेप

#### लोक सेवा केंद्र में घुसकर लैपटॉप को किया क्षतिग्रस्त

**महासमुंद**। तहसील कार्यालय महासमुंद स्थित लोक सेवा केंद्र में घुसकर लैपटॉप को क्षतिग्रस्त करने वाले आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस ने आवेदक विकास कुमार साहू पिता पुरूषोत्तम साहू निवासी वार्ड नं 27 खैराबाडा के पीछे गुडरूपारा महासमुंद के द्वारा पुलिस अधीक्षक महासमुंद को 14.11.2025 को प्रस्तुत शिकायत की जांच की, जिसमें प्रार्थी ने बताया कि वह विगत लगभग 8 वर्षों से तहसील कार्यालय महासमुंद में आधार पंजीयन केंद्र का संचालन करता आ रहा हूं। 8 नवंबर को वह शाम को घर गया। और दूसरे दिन रविवार होने के कारण काम पर नहीं आया। जब वह 10/11/2025 को लगभग 10 बजे अपने काम पर आया और लैपटॉप शुरू किया, लेकिन लैपटॉप स्टार्ट नहीं हुआ। जिसे उसने पंकज कॉपियर कचहरी चौक महासमुंद में दिखाया गया, जहां पर मुझे पता चला कि लैपटॉप पटकने के कारण मदर बोर्ड टूट गया है और पूर्णरूप से क्षतिग्रस्त हो चुका है जो कि बनने की स्थिति में नहीं है। इसके बाद उसने घटना की रात 07.45 से 8.10 के मध्य सीसीटीवी कैमरा चेक किया, जिसमें उसका सहकर्मी राकेश कुमार पिता नोहर लाल खिड़की से आते-जाते दिखाई दिया। ऐसे में उक्त घटना की पूर्ण आशंका उसी पर है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 324(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

#### अमलीडीह में पत्नी के साथ मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम अमलीडीह में महिला, उसकी बहन और पिता से मारपीट के मामले में पिथौरा थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस को सविता प्रभाकर ने बताया कि वह छतवन थाना राजादेवरी जिला बलौदाबाजार की रहने वाली है। वर्तमान में अपने मायके ग्राम अमलीडीह में विगत 05 वर्ष से अपने पति के साथ रहती हूं। 9 दिसंबर की शाम 7 बजे वह घर में खाना बना रही थी। उसी समय उसका पति उपेंद्र प्रभाकर आया, जिसे उसने सब्जी लाने के लिए कहा। तब उसके पति ने उसके मोबाइल को ले लिया और गाली गलौज कर मारपीट करते हुए मुंह में कपड़ा डाल रहा था, इसी बीच प्रार्थिया की बहन रूखमणी कुर्रे बीच बचाव करने आयी। जिसके साथ भी गाली गलौज कर धक्का मुक्की किया तथा इसी दौरान उसके पिता परमेश्वर कुर्रे बीच बचाव करने आये तो उनके साथ भी हाथापाई किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

---

**समस्या :** शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई, नगर में अव्यवस्था का आलम

# वेतन भुगतान न होने से सफाई कर्मचारियों ने किया काम बंद, शहर में लगा कचरे का ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सफाई कर्मियों को अक्टूबर और नवंबर माह का वेतन नही मिलने से शहर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। कर्मचारियों में इस बात को लेकर भारी नाराज़गी है। वहीं कर्मचारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। दूसरी ओर, हड़ताल जैसे माहौल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए हैं और शिकायतों की संख्या लगातार बढ़ रही है।



सफाई कर्मचारियों ने अक्टूबर और नवंबर माह का वेतन भुगतान लंबित होने के विरोध में पिछले छह दिनों से काम पूरी तरह से बंद कर दिया है। शहर के हर गली-मोहल्ले में अब कचरे का अंबार लग गया है।

कर्मचारियों के अनुसार, यह समस्या पहली बार नहीं आई है। वेतन भुगतान में अक्सर देरी होती है, लेकिन इस बार दो महीने का वेतन रोक देना अत्यधिक असंवेदनशीलता को दर्शाता है। वे सुबह-शाम ठंड और गंदगी में काम करते हैं, लेकिन जब उन्हें अपने हक का पैसा नहीं मिलता, तो उनके सामने भुखमरी की स्थिति पैदा हो जाती है। हालंकि बुधवार को कुछ सफाई कर्मचारी काम पर लौटे है लेकिन अधिक्तर कर्मचारी आभी भी काम पर नहीं लौटे हैं जिससे आने वाले दिनों में नगरवासीयों की समस्या बढ़ने वाली हैं।

### शहर की स्थिति, हर तरफ गंदगी

सफाई कार्य ठप होने का सबसे बुरा असर शहर की सार्वजनिक व्यवस्था पर पड़ा है। बस स्टैंड, सदर बाजार और प्रमुख सब्जी मंडियों में कचरे के ढेर जमा हो गए हैं। राहगीरों को नाक पर कपड़ा रखकर गुजरना पड़ रहा है। घरों से निकलने वाला दैनिक कचरा सड़कों पर ही पड़ा है, जिससे बदबू और संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है।

### 15 दिन के अंदर भुगतान किए जाने का आश्वासन

दिलीप चंद्राकर ने बताया है कि समस्या की गंभीरता को देखते हुए, नगर पालिका की मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सफाई कर्मचारियों के मामले को शांत करने का प्रयास किया। सीएमओ ने स्वीकार किया कि वेतन भुगतान में वित्तीय कारणों से देरी हुई है। उन्होंने कर्मचारियों से 15 दिन का अतिरिक्त समय मांगा है और आश्वासन दिया है कि इस अवधि के भीतर अक्टूबर और नवंबर, दोनों महीनों का बकाया वेतन जारी कर दिया जाएगा।

---

बसना थाना क्षेत्र का है मामला

# सरपंच के साथ दो लोगों ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम पझरपाली के सरपंच के साथ दो लोगों द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

पुलिस को प्रार्थी हरिशंकर नेटी निवासी पझरपाली ने बताया कि वह वर्तमान में सरपंच के पद पर है। 6 दिसंबर को वह अपने मोटर सायकल से काम से सरायपाली गया था। जब वह वापस अपने गांव आ रहा था, इसी दौरान शाम करीबन 7 बजे ग्राम तोषगांव के नीलगिरी प्लांट के पास पीछे से एक मोटर सायकल में दो व्यक्ति सवार होकर आये और मुझे पीछे से पीठ में डंडा से मारा, जिस पर वह तेजी से मोटर सायकल चलाते हुये सेतु बांध पठार के पास पहुंचा तो वे लोग पीछे आकर रोकने का प्रयास करने और पीछे से डंडा फेंककर मारा। उसके बाद ग्राम पझरपाली के बैरियर में कोटवार रेशम लाल नंद, गिरधारी ओगरे, हरिलाल नेटी, दिवाकर नेताम वहां मिले, जिन्हें घटना के



बारे में व उक्त लोगों के हुलिया के बारे में बताया। तब उसी समय मोटर सायकल में सवार दोनों व्यक्ति वहां आ रहे थे, जो गांव के लोगों देखकर कुछ दूरी पर मोटर सायकल को छोड़कर भाग गये। जब मोटर सायकल व दोनों व्यक्तियों के बारे में पता किया तो मोटर सायकल हीरो स्प्लेंडरर क्र सीजी 06 जीबी 7923 ग्राम जटाकन्हार के सुकलाल नंद का था। जिसे उसके बेटे फगु नंद व गांव का केशव नंद के द्वारा ले जाना बताया गया। मामले में दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

---



**महासमुंद**। शहर के समीपस्थ ग्राम पंचायत भलेसर में 20 वर्षों बाद मुक्तिधाम का निर्माण कार्य बुधवार को शुरु हुआ। इस दौरान सरपंच सेवा राम कुर्रे एवं उपसरपंच स्वाति अनिल कुमार देवदास के साथ ग्रामीणजनों में हिच्छा राम, पुनित राम, नरेंद्र ठाकुर, कोमल साहू, चोवा राम ओगरे, पुनित राम साहू, चिता राम ओगरे, दीपक सिन्हा, पुराणिक मांडले, संतोष सिन्हा, मितलेश सिन्हा, कुलदीप सिन्हा, दशरी साहू, लता धुर्वे, लीला राम सिन्हा, मोहित सिन्हा, विमल सिन्हा, छम्मन कुर्रे, ग्राम प्रमुख खिलावन साहू, भागवत सिन्हा, देवनाथ सिन्हा, गोपाल सिन्हा, खुमान सिन्हा, राधे लाल सिन्हा, सालिक मंडल एवं पंचगण शामिल हुए।

# कलेक्टर ने किया भुरकोनी उपार्जन केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य पूरी पारदर्शिता, संवेदनशीलता और दक्षता के साथ संचालित किया जाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस उद्देश्य केसाथ कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बुधवार को पिथौरा विकासखंड अंतर्गत भुरकोनी धान उपार्जन केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं एसडीएम बजरंग वर्मा मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान खरीदी की संपूर्ण प्रक्रिया, व्यवस्थाओं और किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने केंद्र में धान की तौल व्यवस्था, नमी परीक्षण, तौल-कांटे की सटीकता,बोरा की उपलब्धता की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े, तौल में पारदर्शिता बनी रहे तथा गुणवत्ता परीक्षण पूरी शुद्धता से किया जाए।

उन्होंने कर्मचारियों को यह भी निर्देशित किया कि धान की आवक बढ़ने की स्थिति में अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ट्रॉली एवं वाहनों की आवाजाही व्यवस्थित रहे और खरीदी केंद्र में साफ–सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने केंद्र में सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, टोकन और रसीद वितरण की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने स्टैकिंग, गोदामों तक परिवहन, रिकॉर्ड संधारण एवं अवैध धान परिवहन की रोकथाम के उपायों की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी प्रक्रियाओं को निर्धारित समय और मानकों के अनुरूप संपादित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री लंगेह ने किसानों से भी चर्चा की और उनकी समस्याओं तथा सुझावों को सुना। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर किसानों के हितों को सर्वोपरि रखने पर जोर दिया।

### अब तक 183 प्रकरणों में 26765.84 क्विंटल धान जब्त

जिले में अब तक अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं विक्रय से जुड़े 165 प्रकरण दर्ज किए गए। 18 राइस मिलों का भौतिक सत्यापन कर प्रकरण दर्ज किया गया है। कुल 183 प्रकरणों से संयुक्त टीम राजस्व, मंडी, सहकारिता एवं पुलिस विभाग द्वारा 26765.84 क्विंटल धान जप्त किया गया है। अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई लगातार जारी है। सरायपाली विकासखंड अंतर्गत सरायपाली एसडीएम अनुपमा आनंद के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा दो प्रकरणों में दो पिकअप और 162 बोरी धान जब्त किया गया। जिसमें पहले प्रकरण में मुरमुरी चौक पर ओड़िशा राज्य सीमा स्थित बंजारी नाका के पास अवैध धान परिवहन करते पिकअप वाहन पाया गया। जिसे मौके पर जब्त कर पिकअप वाहन समेत 100 बोरा धान थाना सिंघोड़ा को सुपुर्द किया गया। वहीं दूसरे प्रकरण में पिकअप वाहन में चालक धनेश्वर साहू द्वारा खरियार रोड (ओड़िशा) से सरायपाली में 62 बोरी धान परिवहन करते हुए वाहन को जांच चौकी सल्हेझरिया में रोककर धान जब्त किया गया।

---

# भारत नेट 2.0: करोड़ों खर्च, कनेक्टिविटी गायब: सांसद रूपकुमारी

## सदन में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी का कड़ा सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

लोकसभा के शीतकालीन सत्र में छत्तीसगढ़ से भाजपा सांसद रूप कुमारी चौधरी ने भारत नेट 2.0 परियोजना में हुए कथित भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन पर तीखा हमला किया है। ग्रामीण डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई देश की सबसे विशाल डिजिटल परियोजनाओं में से एक भारत नेट 2.0 को लेकर सांसद चौधरी ने जो तथ्य सदन में रखे, उन्होंने पूरे छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कामकाज पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

भारत नेट 2.0 केंद्र सरकार की वह महत्वाकांक्षी योजना है जिसके माध्यम से देश के 2.5 लाख ग्राम पंचायतों और लाखों ग्रामीण घरों को तेज़ इंटरनेट, डिजिटल सेवाओं, ई-गवर्नेंस, टेलीमेडिसिन, ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल भुगतान और ग्रामीण आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। देश में इस योजना पर अब तक 39,825 करोड़ से अधिक खर्च हो चुका है और संशोधित भारत नेट कार्यक्रम (एबीसी) के लिए 1,39,579 करोड़ का विशाल प्रावधान किया गया है। देशभर में 42 लाख रूट-किमी फाइबर बिछाया जा चुका है, 2.18 लाख पंचायतों को सेवा-योग्य घोषित किया गया है, और 1.04 लाख से अधिक वाई-फाई हॉटस्पॉट स्थापित किए जा चुके हैं। लेकिन, सांसद चौधरी के अनुसार, छत्तीसगढ़ में स्थिति बेहद भयावह है। केंद्र द्वारा राज्य को जारी किए गए लगभग 2,715 करोड़ से 2,635 रुपए करोड़ के खर्च के बावजूद अधिकांश पंचायतें आज भी डिजिटल सेवाओं से वंचित हैं।

### अधूरा बिछा फाइबर, निष्क्रिय उपकरण, और 'कागज़ों में पूरा' काम

सांसद चौधरी ने सदन में प्रस्तुत किया कि छत्तीसगढ़ के कई जिलों में ऑप्टिकल फाइबर खुले में अधबिछा पड़ा मिला, कई जगहों पर खुदाई अधूरी छोड़ी गई, और जहां कनेक्शन दिए गए, वहां उपकरण महीनों से निष्क्रिय पड़े हैं। डिजिटल क्लासरूम, पंचायत भवन, स्वास्थ्य केंद्र और सीएससी केंद्र सब इंटरनेट के अभाव में ठप पड़े हैं। उन्होंने सदन को बताया कि यह स्थिति केवल लापरवाही नहीं, बल्कि सुनियोजित, सुनियंत्रित और संगठित भ्रष्टाचार का परिणाम है। जब स्वयं राज्य शासन कार्यान्वयन एजेंसी हो और फिर भी मानकों की अनदेखी करते हुए भुगतान कर दे, तो यह नीति-निर्माण पर सीधा हमला है।



### पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को कठघरे में खड़ा किया

सांसद चौधरी ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में पूर्व कांग्रेस सरकार ने इस महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय परियोजना को "कमीशनखोरी, ठेकेदारी खेल और तकनीकी धांधली" की भेंट चढ़ा दिया। राज्य सरकार द्वारा नियुक्त एजेंसियों ने काम को न केवल अधूरा छोड़ा, बल्कि कई स्थानों पर कोई काम हुआ ही नहीं, फिर भी भुगतान जारी रहा। उन्होंने मांग की कि पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा नियुक्त सभी ठेकेदारों और एजेंसियों की पूरी सूची सार्वजनिक की जाए, परियोजना की स्वतंत्र तकनीकी और वित्तीय ऑडिट कराई जाए, दोषी अधिकारियों, इंजीनियरों और एजेंसियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।


### गांवों में डिजिटल अंधेरा, जनता भुगत रही परिणाम

सांसद चौधरी ने कहा कि इस भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा बोझ ग्रामीण जनता उठा रही है। छात्राएं ऑनलाइन शिक्षा से वंचित, उपस्वास्थ्य केंद्रों में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं ठप, पंचायत कार्य बाधित, किसानों को डिजिटल पीएम किसान और बाजार जानकारी में कठिनाई, महिलाओं के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार योजनाएं प्रभावित हुई है। सांसद रूप कुमारी चौधरी के तीखे, तथ्यपूर्ण और जनहितकारी हस्तक्षेप ने सदन में नई बहस छेड़ दी है कि भारत नेट जैसी राष्ट्रीय परियोजना की निगरानी और जवाबदेही कैसे सुनिश्चित की जाए। उनकी मजबूत आवाज़ ने स्पष्ट संदेश दिया ग्रामीण भारत के डिजिटल भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

---

### बिरकोनी में प्रस्तावित महतारी सदन का भूमिपूजन आज

**बिरकोनी**। ग्राम बिरकोनी में 11 दिसंबर को प्रस्तावित महतारी सदन का भूमिपूजन और विकास कार्यो के लोकार्पण कार्यक्रम होगा। मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा सुभाष चौक स्थित परिसर में महतारी सदन के भूमिपूजन करेंगे। विधायक निधि से वार्ड क्रमांक 18 में 5 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, वार्ड 19 में 5 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, वार्ड 20 में अनुसूचित जाति विकास प्रधिकरण निधि से 15 लाख लागत से सीसी रोड़ निर्माण, डीएमएफ मद से 20 लाख के लागत से कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में अहाता निर्माण का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच चंदन कुमार चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि जनपत अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष तेजन शर्मा, पंच हेमराज चंद्राकर होंगे।



## खबर संक्षेप

### नवजागृति दुर्गा उत्सव समिति ने दी राकेश को श्रद्धांजलि

**धमतरी।** नवजागृति दुर्गा उत्सव समिति विवेकानंद वार्ड ने राकेश निषाद के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्रद्धांजलि देने वालों में संरक्षक राजकुमार तिवारी, समिति प्रमुख जमुना प्रसाद चक्रधारी, गोपाल बनवासी, धनराज गुप्ता, हरिश्चंद्र चक्रधारी, लखन शुक्ला, गोलू चक्रधारी, राजू सिन्हा, खेमलाल, राज सोनवानी, भीषम सोनी, सुनील मीनपाल, शेष कुमार, महादेव गुप्ता, राजू चक्रधारी, राकेश गुप्ता, अजय निर्मलकर, रोहित कुमार, धनेश निषाद, सोनू निर्मलकर सहित अन्य सदस्य शामिल है।

### स्क्वैश में भोथली स्कूल के छात्र का चयन

**धमतरी।** राष्ट्रीय स्तर शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता स्क्वैश में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली से एक खिलाड़ी का चयन हुआ है। इससे पहले 27 से 30 सितम्बर 2025 तक रायपुर में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय स्क्वैश प्रतियोगिता में इस विद्यालय से सागर साहू अंडर -14 एवं जयप्रकाश साहू अंडर-19 में गोल्ड मेडल प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इनमें से जयप्रकाश साहू का चयन 69वीं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह खिलाड़ी इंदौर मध्यप्रदेश में 11 से 13 दिसंबर तक आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा। इनके चयन पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष त्रिभुवन सन्हरा, अशोक सिन्हा, सरपंच शिवरात्रि ध्रुव, प्राचार्य एलके उपाध्याय, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी गणेशप्रसाद साहू आदिने हर्ष व्यक्त किया है।

स्कूली छात्र-छात्राओं को दी गई उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी

# मानव अधिकार दिवस पर हुए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं प्लान आफ एक्शन के तहत विशेष दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर जिले के विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो ने बताया कि मानव अधिकर दिवस 10 दिसंबर 2025 के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महासमुंद के तत्वावधान में जिला मुख्यालय तथा तालुका स्थित न्यायालयों के न्यायाधीशों द्वारा विभिन्न स्कूलों, कालेजों में जागरूकता शिविरों अथवा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी परिपेक्ष्य में कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार सोनवानी द्वारा केंद्रीय विद्यालय महासमुंद पहुंचकर उपस्थित छात्र-छात्राओं को संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तापूर्वक जानकारी दी। कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार सोनवानी ने अपने उद्बोधन में बताया कि हर एक व्यक्ति के जन्मसिद्ध अधिकारों की अहमियत को उजागर करने के लिए, हर वर्ष 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है. मानवाधिकार सभी के लिए समानता, स्वतंत्रता और गरिमा सुनिश्चित करते हैं. संयुक्त राष्ट्र, इन अधिकारों की रक्षा और करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह मौलिक मानवाधिकारों और स्वतंत्रता (जीवन, स्वतंत्रता, समानता आदि) की रक्षा के लिए वैश्विक प्रतिबद्धता को दर्शाता है यही मानव अधिकार दिवस मनाए जाने के महत्व को प्रदर्शित करता है। इसके अलावा छात्राओं को मोटर व्हीकल एक्ट के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई साथ ही उपस्थित प्रशिशु सिविल न्यायाधीश प्रियदर्शन गोस्वामी और आदित्य जैन द्वारा कानून के अन्य विषयों पर जानकारी दी गई।

इसी प्रकार भलेसर रोड स्थित सूर्या नर्सिंग कॉलेज में प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी द्वारा उपस्थित नर्सिंग कालेज के छात्र-छात्राओं को मानवाधिकार दिवस के अवसर पर महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित होने वाले अपराधों, साइबर अपराध, दहेज, बाल विवाह, माता पिता भरण-पोषण अधिनियम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों एवं प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली विधिक सेवाओं के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया।

इसके अलावा द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद बोरकर द्वारा पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल बरोंडाबाजार, न्यायिक मजिस्ट्र खुशबू जैन एवं गीतांजलि कश्यप द्वारा पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास मचेवा में, तालुका सरायपाली न्यायालय के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन द्वारा हाई स्कूल पैकिन, बसना न्यायालय के न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजीत जांगड़े द्वारा हाई स्कूल भंवरपुर में शिविर आयोजित कर कानून के विभिन्न विषयों पर अधारित सरल कानूनी शिक्षा के माध्यम से शिविर आयोजित किया गया। इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्रों द्वारा विभिन्न ग्रामों में बैनर पंपलेट के माध्यम से जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

# त्रिमूर्ति कॉलोनीवासियों ने किया नपाध्यक्ष निखिल का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



स्थानीय त्रिमूर्ति कॉलोनी में वार्डवासियों की बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू तथा वार्ड पार्षद धनेंद्र चंद्राकर शामिल हुए। बैठक में नागरिकों के साथ अध्यक्ष साहू ने वार्ड विकास तथा मूलभूत सुविधाओं को लेकर चर्चा की। साथ ही जनसमस्याओं को वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष के समक्ष रखा। जिसके समाधान के लिए वार्डवासियों के सुझाव अनुसार सकारात्मक चर्चा कर आवश्यक पहल का आश्वासन अध्यक्ष ने दिया। बैठक के दौरान वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष साहू व पार्षद धनेंद्र का श्रीफल एवं शॉल भेंटकर सम्मान किया। कॉलोनी वासियों के सम्मान व अपनापन से अभिभूत नपाध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए वार्ड वासियों के हर सुख दुख में साथ रहने की बात कही।

बैठक में प्रमुख रूप से प्रमोद तिवारी, संजय वासवानी, दीपक तिवारी, अशोक चंद्राकर, संजय भुवाल, अविनाश चंद्राकर, संजय गुप्ता, गोविंद दीवान, दाऊ लाल चंद्राकर, जब्बर चंद्राकर, विवेक दवे, शंकर पांडे, सरिता तिवारी, रश्मि चंद्राकर, रीता चंद्राकर, सविता चंद्राकर, अर्चना तिवारी, सोदु चंद्राकर, शशि चंद्राकर, मंजू अग्रवाल, दुर्गा भुवाल, कल्पा राजा, कीर्ति वासवानी, कल्पना शर्मा, मेनका चंद्राकर, रंजिता दुबे, गरिमा दीवान, इंद्राणी पांडे, कौशल्या चंद्राकर, लता चंद्राकर, नेहा चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

## सर्व रविदास समाज ने अनेक मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** छग सर्व रविदास समाज ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर महासमुंद को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें समाज के प्रदेश सहसचिव देवेंद्र कुमार टांडेकर ने कहा कि छग राज्य में संत रविदास के अनुयायी (मोधी, मेहर, अहिरवार, जाटव, कुरील, सूर्यवंशी, कनौटिया आदि) लाखों की संख्या (कुल जनसंख्या का 5-7 प्रतिशत) में निवास करते है। जिनका आय का मुख्य स्त्रोत परंपरागत सेवा व्यवसाय रहा है। स्वतंत्रता के बाद ही समान, आर्थिक, शैक्षणिक सामाजिक तथा राजनीतिक पिछड़ापन विद्यमान है। समाज राष्ट्रीय विकासधारा से कोसों दूर है। छग प्रदेश के आर्थिक पिछले समाज के हितैषी है। इस समाज को आर्थिक, शैक्षणिक, राजनीतिक क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लिए मांगों के त्वरित निराकरण की मांग की है।

# शहीद वीरनारायण सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस के मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने अपने सहयोगी पार्षदों एवं आदिवासी समाज के लोगों के साथ मिलकर सोनाखान के सपूत की आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

10 दिसंबर को नगरपालिका कुरूद में सिरसा चौक में लगी छत्तीसगढ़ के प्रथम क्रांतिकारी शहीद वीर नारायण की प्रतिमा में नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता जाहिर की।

इस मौके पर पार्षद अर्जुन ध्रुव, मिथिलेश बैस, महेन्द्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर, रवि मानिकपुरी एवं सामाजिक पदाधिकारी मौजूद थे।

### एयर फोर्स में दीपक का चयन

**बगदेही(धमतरी)।** ग्राम सांकरा निवासी दीपक कुमार पिता धनेश कुमार साहू का अग्निवीर भारतीय वायु सेना (इंडियन एयरफोर्स) में चयन हुआ है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में दूसरा रैंक हासिल किया है। इस उपलब्धि पर अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

धमतरी के लाखों उपभोक्ताओं को मिलेगा बड़ा फायदा

# मिलेगी राहत : जनवरी से 200 यूनिट तक आधा बिजली बिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



बिजली बिल हाफ योजना में लंबे इंतज़ार के बाद आखिरकार राहत की किरण दिखाई दी है। सरकार द्वारा नए नियम जारी करने के बाद अब दिसंबर 2025 की खपत का बिल जनवरी में जारी होगा, जिसमें 200 यूनिट तक आधा बिल देने का प्रावधान लागू हो जाएगा। इस फैसले से धमतरी व कुरूद संभाग के घरेलू उपभोक्ताओं को बड़ा आर्थिक सहारा मिलने की उम्मीद है।

विद्युत विभाग के अभियंता अनिल सोनी और सहायक अभियंता योगेश ताराम ने बताया कि अभी नवंबर माह की खपत पर 100 यूनिट तक ही रियायत दी जा रही है, इसलिए उपभोक्ताओं को दिसंबर में भी अधिक बिल चुकाना पड़ेगा। लेकिन नए निर्देश लागू होते ही जनवरी से 200 यूनिट तक आधा बिल देने का फायदा उपभोक्ताओं को मिलने लगेगा। अधिकारियों के अनुसार सीमा बढ़ने से अब हजारों परिवार दोबारा योजना के दायरे में आएंगे।

अगस्त 2025 में सरकार ने अचानक बिजली बिल हाफ योजना को 400 यूनिट से घटाकर 100 यूनिट कर दिया था, जिससे धमतरी जिले के 80 प्रतिशत से ज्यादा उपभोक्ता योजना से बाहर हो गए थे। लगातार विरोध और जनदबाव के बाद सरकार ने नियमों में संशोधन करते हुए इसे 200 यूनिट तक बढ़ाने पर सहमति दी है। विभाग का मानना है कि नए प्रावधान से मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग के उपभोक्ताओं को वास्तविक राहत मिलेगी।

धमतरी और कुरूद संभाग में मिलाकर कुल 2 लाख 23 हजार घरेलू उपभोक्ता पंजीकृत हैं। इनमें से धमतरी क्षेत्र में 1.27 लाख और कुरूद में 96 हजार उपभोक्ता शामिल हैं। छह वर्षों में दोनों संभागों को मिलाकर बिजली बिल हाफ योजना के तहत लगभग 120 करोड़ रुपए की छूट दी जा चुकी है।

ईई अनिल सोनी ने स्पष्ट किया कि जनवरी से स्पॉट बिलिंग के दौरान 200 यूनिट तक की खपत पर उपभोक्ता को केवल 100 यूनिट का बिल देना होगा। हालांकि 201 यूनिट खपत होते ही पूरा बिल देना अनिवार्य होगा और हाफ का लाभ स्वतः समाप्त हो जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वे बिजली उपयोग को नियंत्रित रखते हुए योजना का अधिकतम लाभ उठाएं।

# प्रशिक्षण पूर्ण कर अग्निवीर भूपेश के बेलसोंडा लौटने पर ऐतिहासिक स्वागत



**महासमुंद।** भारतीय सेना में अपना कठिन प्रशिक्षण और शपथ ग्रहण सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपरांत अग्निवीर भूपेश कनौजे के अपने गृह ग्राम आदर्श बेलसोंडा में प्रथम आगमन पर ऐतिहासिक और आत्मीय स्वागत हुआ। अग्निवीर भूपेश कनौजे के गांव की सीमा पर पहुंचते ही जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर की उपस्थिति में देशभक्ति के नारों से आकाश गूँज उठा, जिसने पूरे माहौल को देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया।

स्वागत समारोह के दौरान ग्रामीणों ने पारंपरिक उत्साह का प्रदर्शन करते हुए ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ भूपेश को गांव में प्रवेश कराया। विद्यार्थियों के हाथों में तिरंगा झंडा था और उनकी जुबां पर भारत माता की जय के नारे गूँज रहे थे। उपस्थित शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि भूपेश की यह सफलता न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे आदर्श बेलसोंडा और उनके विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। वे आने वाली पीढ़ी और छात्रों के लिए सच्चे प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं। भूपेश ने बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और युवा पीढ़ी को राष्ट्र सेवा के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर पूरा गांव एक परिवार की तरह एकजुट नज़र आया।

### जम्मू-कश्मीर होगी अगली पोस्टिंग

विदित हो कि अग्निवीर भूपेश कन्नौजे प्रशिक्षण के बाद 20 दिन के अल्प अवकाश पर घर आए हैं। इस छुट्टी के उपरांत उनकी अगली पोस्टिंग देश की सेवा के लिए जम्मू-कश्मीर में होगी।

# वीरनारायण सिंह के शहादत दिवस पर धमतरी हुआ एकजुट

- विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक रंजना साहू और महापौर रामू रोहरा ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





जननायक और छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीर नारायण सिंह की पुण्यतिथि पर धमतरी श्रद्धा और संकल्प से सराबोर रहा। शहर के विभिन्न स्थानों पर आदिवासी ध्रुव गोंड समाज द्वारा शहादत दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर महान क्रांतिकारी को नमन किया।

शहीद वीरनारायण सामुदायिक भवन में आयोजित प्रमुख श्रद्धांजलि सभा में धमतरी विधायक ओंकार साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ की अस्मिता, न्याय और समानता की लड़ाई के प्रतीक हैं। उन्होंने जनता के अधिकारों के लिए अपने प्राणों का त्याग किया, उनका संघर्ष हर पीढ़ी को प्रेरित करता है। इसी दौरान विधायक ने कहा कि धमतरी शहर के एक प्रमुख चौक का नामकरण शहीद वीर नारायण सिंह चौक किया जाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके त्याग को याद रख सकें। इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए महापौर ने मंच से इसकी सहमति व्यक्त की। इसी क्रम में धमतरी बिलाईमाता मंदिर के समीप आयोजित माल्यार्पण कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरे देश की प्रेरणा हैं। उन्होंने अंग्रेजी अत्याचार और अन्याय के खिलाफ गरीबों व आदिवासियों की लड़ाई लड़ी। युवाओं को उनके साहस और त्याग से सीख लेनी चाहिए। रंजना साहू ने आदिवासी समाज की संस्कृति, शिक्षा और आर्थिक उन्नति के लिए निरंतर सहयोग का आश्वासन भी दिया। उधर, शहीद वीर नारायण सिंह सामुदायिक भवन में आयोजित एक अन्य प्रमुख श्रद्धांजलि कार्यक्रम में महापौर रामू रोहरा सहित नगर निगम के पदाधिकारी और सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि शामिल हुए। महापौर ने कहा कि 1856 के भीषण अकाल में उन्होंने जनता को भूख से बचाने के लिए अंग्रेजों के जमा धान को गरीबों में बांटा और अंग्रेजी शासन की क्रूरता के आगे न झुकते हुए 1857 में अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय गौधाम समिति की हुई बैठक

# निराश्रित और घुमंतू पशुओं के संरक्षण के लिए बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय गौधाम समिति की बैठक हुई। बैठक में गौधाम योजना के बेहतर क्रियान्वयन, निराश्रित एवं घुमंतू पशुओं के संरक्षण और आधुनिक गौधामों की स्थापना पर चर्चा की गई।

बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत अरुण सार्वा ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी गौधाम योजना के तहत अधिक से अधिक आवेदन तैयार किए जाएं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि घुमंतू व बेसहारा पशुओं को सुरक्षित आश्रय व संरक्षण मिले। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चयनित गौठानों के साथ-साथ सड़क दुर्घटना संभावित क्षेत्रों के ऐसे गौठानों का चयन किया जाए, जहां पर्याप्त भूमि, पेयजल, बिजली और हरे चारे की उपलब्धता हो। इससे किसी भी पशु को असुविधा न हो और उनके पुनर्वास की प्रक्रिया सुचारू रहे।

छग राज्य गौसेवा आयोग की जिला समिति के अध्यक्ष हेमराज सोनी ने योजना के मूल उद्देश्य बताए। उन्होंने कहा कि निराश्रित और घुमंतू पशुओं को आश्रय देना, गौ-उत्पादों के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराना और समाज में गोसेवा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना योजना की प्राथमिकता है। पशुधन विभाग के अतिरिक्त उप संचालक डॉ. टीआर वर्मा ने नस्ल सुधार पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि ग्रामों के सांडों का बधियाकरण आवश्यक है, जिससे कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा मिलेगा। उन्नत नस्ल के हिमीकृत लिंग वर्गीकृत वीर्य के उपयोग से दुग्ध उत्पादन बढ़ने की संभावनाएं भी साझा कीं। डॉ. मरकाम ने बताया कि जिले में इच्छुक संस्थाओं से गौधाम संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रथम चरण में राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास के ग्रामों में गौधाम स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों में निराश्रित, घुमंतू और जप्त पशुओं का वैज्ञानिक पद्धति से संरक्षण, चिकित्सा व पुनर्वास किया जाएगा। दुर्घटना में घायल व कमजोर पशुओं की देखरेख भी प्राथमिकता में होगी। पशु चिकित्सक सहायक शल्यज्ञ प्रमोद कुमार ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## वार्ड में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**महासमुंद।** मुख्यमंत्री स्लम सहायता योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट सहायता से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शहर के वार्ड नं. 26 पंचशील नगर क्लबपारा के पार्षद पीयूष अमृत साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार अनेक वार्ड वासियों ने अपना इलाज निःशुल्क करवाया। इस मोबाइल यूनिट में विभिन्न प्रकार की जांच जैसी शुगर, बीपी, बुखार, ब्लड जांच आदि की जांच की गई। पार्षद साहू ने मोबाइल यूनिट में इलाज कर रहे डॉक्टर एवं उनके सहयोगियों को अपनी और वार्ड देवतुल्य जनता की तरफ से साधुवाद दिया और समस्त वार्डवासियों से अपील करते हुए कहा कि जब भी इस तरह के शिविर हमारे वार्ड में आयोजित हो, आप अपने नियमित स्वास्थ्य की जांच अवश्य कराएं। ताकि, किसी गंभीर बीमारी का पता और इलाज समय पर हो सके।

## गोकुलपुर अखाड़ा की निकिता खेलेंगी नेशनल

**धमतरी।** बीएसपी अखाड़ा सेक्टर- 3 भिलाई में छत्तीसगढ़ सीनियर बालक बालिका राज्यस्तरीय चयन कुश्ती प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न जिले के बालक-बालिका 80 खिलाड़ी भाग लिए। कुश्ती चयन विभिन्न श्रेणी फ्री स्टाइल ग्रीको रोमन और महिला फ्री स्टाइल के लिए विभिन्न वजन समूह में खिलाड़ियों का चयन किया गया। ये सभी खिलाड़ी अहमदाबाद गुजरात में 12 से 14 दिसंबर तक आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राज्यस्तरीय स्पर्धा में जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर धमतरी की बालिका खिलाड़ी निकिता सोनवानी ने 76 किलो ग्राम में गोल्ड मेडल प्राप्त किया और राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाया। कोच नुमेश यादव के साथ 10 दिसंबर को अहमदाबाद के लिए प्रस्थान करेंगी। इस उपलब्धि पर जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर वार्ड के उस्ताद भगवान सिंह यादव, राजकुमार, अंकालु, कृष्ण साहू , मेघराज यद्धु, रामकुमार साहू, तुलसी, हरीश, लोकेश नेताम, लल्ला यद्धु, वरिष्ठ खेल शिक्षक एआर थिटे, कोच विजय कुमार यादव ने हर्ष जताया है।

**खबर संक्षेप**

## 16 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 4 मृतकों के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए के मान से कुल 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बनियातोरा के मृतक लिखितराम पटेल की पत्नी मानकुंवर पटेल के लिए एवं ग्राम नर्रा के मृतक तातूराम साहू की पत्नी शकुन साहू के लिए तथा सर्पदंश से मृत्यु होने पर ग्राम खैरटकला के मृतक डोमू सिंग मांझी के पुत्र नित्यानंद मांझी के लिए एवं ग्राम जुनवानी खुर्द की मृतका आरती ठाकुर की माता महादेवी ठाकुर के लिए चार-चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## श्रम विभाग के विधायक प्रतिनिधि बनीं रेखा



**महासमुंद।** विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने रेखा बेहरा को श्रम विभाग में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर रेखा ने कहा कि मैं पूरी ईमानदारी निष्ठा और समर्पण के साथ लोक कल्याण के मुद्दों को सहजता, सतर्कता और पारदर्शिता से श्रम हितग्राहियों की समस्याओं को अवगत कराते हुए उनकी समस्याओं का हल करूंगी।

## धमतरी में 10 जनवरी से अग्निवीर भर्ती रैली

**धमतरी।** जिले में आगामी 10 जनवरी से आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसकी तैयारियों का जायजा लेने आर्मी के ब्रिगेडियर डीडीजी संजय शर्मा इंडोर स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने इंडोर स्टेडियम तथा मैदान परिसर में की गई व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की।

**निधन**

## आशुतोष तिवारी

**महासमुंद।** स्थानीय रायपुर रोड पुराना रावण भाठा निवासी 42 वर्षीय आशुतोष तिवारी पिता



लवकुमार तिवारी का बीती रात मेकाहारा अस्पताल में निधन हो गया। अंतिम संस्कार बुधवार को किया गया। जिसमें गणमान्यजन उपस्थित हुए। वे अमित, प्रशांत तिवारी के भाई एवं सेवानिवृत शिक्षक बसंत तिवारी व पुरुषोत्तम तिवारी के भतीजे थे।

### पंथी नृत्य में सत के विरासत मुड़ियाडीह प्रथम एवं सत के महिमा पिथौरा को द्वितीय स्थान

# लोक नृत्य एवं एकांकी में एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग रहे प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2025-26 का आयोजन शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन एवं डॉ. भीम राव अंबेडकर मंगल भवन खैरा में आयोजित किया गया।

लोक गीत में प्रथम स्थान पीजी कॉलेज महासमुंद, द्वितीय स्थान फॉर्चून फाउंडेशन बागबाहरा एवं तृतीय स्थान आईटीआई महासमुंद ने प्राप्त किया। एकांकी नाटक में प्रथम स्थान एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग महासमुंद एवं द्वितीय स्थान आई टी आई महासमुंद ने प्राप्त किया। रॉक बैंड में प्रथम स्थान जावेद कुरैशी एवं साथी बागबाहरा (इरादे द बैंड) ने प्राप्त किया। कहानी लेखन में प्रथम स्थान रेशम लाल पटेल पिथौरा, द्वितीय स्थान सुषमा साहू महासमुंद एवं तृतीय स्थान हेमा साहू लाफिनखुर्द महासमुंद ने प्राप्त किया। कविता लेखन में प्रथम स्थान गुलशन साव




बसना, द्वितीय स्थान सिंधु जगत एवं तीसरा स्थान ऋचा चंद्राकर ने प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ऋतिक पहारिया महासमुंद, द्वितीय स्थान कुलेश्वर साहू महासमुंद एवं तृतीय स्थान अजय कुमार ध्रुव पीजी कॉलेज महासमुंद ने प्राप्त किया।

इसी तरह पंथी नृत्य में प्रथम स्थान सत्य के विरासत मुडीयाडीह बागबाहरा, द्वितीय स्थान सत के महिमा गड़बेड़ा पिथौरा, तृतीय स्थान महर्षि विद्या मंदिर महासमुंद ने प्राप्त किया। वाद विवाद में प्रथम स्थान नुसरत फातिमा एवं डिंपल डड़सेना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लोक नृत्य में प्रथम स्थान एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग महासमुंद ने प्राप्त किया।

साइंस मेला में प्रथम स्थान गरिमा कन्नौजे पिथौरा, द्वितीय स्थान परिणीता चंद्राकर एवं हिना साहू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पारंपरिक वेशभूषा में प्रथम स्थान चांदनी साहू लाफिनखुर्द, द्वितीय स्थान हर्षिता दीवान आईटीआई महासमुंद, तीसरा स्थान श्रेया पाटकर आई टी आई महासमुंद ने प्राप्त किया। सुवा नृत्य में प्रथम स्थान आई टी आई महासमुंद ने प्राप्त किया।

आयोजन को सफल बनाने में जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, माई भारत वसुंधरा साहू जिला युवा अधिकारी महासमुंद, दिलीप लहरे खेल अधिकारी पीजी कॉलेज महासमुंद, रोहित कोसरिया (देव दास बंजारे सम्मान राज्य अलंकरण से सम्मानित) सुरेन्द्र मानिकपुरी, अवनीश वाणी, वीके असगर, उमेश भारती गोस्वामी, डॉ. विकास अग्रवाल, चमन लाल चंद्राकर, अमित हिषिकर, द्रोपति साहू, अंकित भोई, सपना प्रधान, स्वाति बाला जगत, भागवत जगत भूमिल, मंच संचालन सुरेंद्र मानिकपुरी, हिरेंद्र साहू एवं आभार व्यक्त खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे ने किया।

# शहीद वीरनारायण सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला/ब्लाक इकाई महासमुंद के तत्वावधान में 10 दिसंबर को छग के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी व किसान नेता अमर शहीद वीरनारायण सिंह की श्रंद्धाजलि कार्यक्रम प्रतिवर्षानुसार कोडार (जलाशय) में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएन ध्रुव प्रांताध्यक्ष छग अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ थे। सर्वप्रथम अमर शहीद वीर नारायणसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। पश्चात वीर सपूत की वीर गाथा पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम संचालन महेश कुमार ध्रुव जिला महासचिव ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आरएन ध्रुव प्रांताध्यक्ष छग अजजा शासेवि संघ, एसपी ध्रुव प्रांतीय संयुक्त सचिव, एमएल ध्रुव जिलाध्यक्ष, महेश कुमार ध्रुव जिला महासचिव, राम कुमार ध्रुव संरक्षक एवं जिला परिवहन अधिकारी, तुला राम ध्रुव कोषाध्यक्ष, शिव कुमार ध्रुव अध्यक्ष खल्लारी ब परिक्षेत्र, सहदेव ध्रुव पूर्व जिलाध्यक्ष, बीएस नेताम संरक्षक, राधेश्याम ध्रुव पूर्व जिलाध्यक्ष, डोमार ध्रुव पूर्व सरपंच, डीडी मांझी पूर्व पार्षद एवं अध्यक्ष आदिवासी समन्वय समिति, जयलाल ध्रुव कोषाध्यक्ष सिरपुर, टुकेश्वर सिंह ध्रुव, नाथूराम पोडेटी, मनहरण ठाकुर, गैंदराम जांगड़े सरपंच कौंवाझर, समारू राम ध्रुव, जीएस दीवान (से.वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी), जितेन्द्र दीवान, जगदीश ध्रुव, शिवराम, बृजलाल, बाबूलाल ध्रुव ब्लाक अध्यक्ष सहायक शिक्षक फेडरेशन, रूप सिंह नेताम, विष्णु ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अरंड में नवागंतुक प्राचार्य एवं शिक्षकों का सम्मान

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अरंड संकुल में नवागंतुक प्राचार्य एवं शिक्षकों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर शासकीय हाईस्कूल अरंड में नवपदस्थ प्राचार्य नमोकंकण तिवारी, उच्च प्राथमिक मोंहदा से शिक्षक नारायण बारिक, डिगम लाल साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला मोंहदा, कुमुदिनी बरिहा शिक्षक उच्च प्राथमिक शाला खुटेरी, चंद्रकांति ठाकुर शिक्षिका प्राथमिक शाला मोंहदा को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य तिवारी ने अपने शिक्षकीय जीवन का अनुभव साझा करते हुए कहा कि हम सभी को मेहनत कर संकुल के



सभी छात्र-छात्राओं के समग्र विकास के लिए कार्य करना है, और उन्हें एक योग्य नागरिक बनाने में अपना योगदान देना है। विभाग द्वारा दिए गए कार्य को समय पर करना है। सभी शिक्षकों ने भी अपना-अपना अनुभव साझा किए। इस अवसर पर परिचय सम्मेलन का आयोजन भी किया गया। जिसमें सभी संस्था प्रमुख अपने-अपने स्टाफ का परिचय दिए। इस अवसर पर संकुल समन्वयक रोहिणी देवांगन, व्याख्याता सोनसाय पटेल, देउक राम ध्रुव, प्रदीप कर, लोकेश्वरी साहू अतिथि व्याख्याता, नाथूराम साहू लिपिक, प्रभारी प्रधानपाठकगण पालेश्वर पटेल, सियाराम साहू, प्राथमिक प्रधानपाठकगण डोलामणी साहू खुटेरी, विश्वनाथ मांझी नयापारा, रेहाना बानो कोटादादर, गंगा पैकरा अरंड, शिक्षकगण सुरेंद्र ठाकुर, गौरी पटेल, जयराम पटेल, नकुल राम साहू, शैलेंद्र सिन्हा, अभिनंदन नाग, अनिता बरिहा, नरसिंग पटेल, भूपेंद्रसिंह ठाकुर, प्रभाकिरण ध्रुव, अर्चना पटेल, फूलकुंवर पटेल, हरिशंकर पटेल, श्याम कुमार पटेल, उषा दीवान, क्षमा निषाद, डीजी मिश्र, टीकम प्रसाद पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जयराम पटेल एवं समन्वयक रोहिणी देवांगन ने आभार व्यक्त किया।



## 8 से 31 दिसंबर तक सघन कुष्ठ रोग खोज अभियान

**नर्रा।** राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 08 से 31 दिसंबर तक चलाए जाने वाले सघन कुष्ठ रोग खोज अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला घर घर जाकर लोगों को कुष्ठ रोग के विषय में जागरूक करते हुए प्रत्येक व्यक्ति के शरीर का जांच कर रहे हैं। कुष्ठ रोग का संदेह कब करें? इस विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए आरएचओ डिलेश्वरी परमार ने बताया कि जब त्वचा पर, त्वचा के रंग से हल्के-फीके, बदरंग लालिमा लिए हुए दाग हों। इन दागों में सुन्नपन हों। इन दागों में खुजली नहीं होती। चेहरे पर तामिया-तेलिया, चमक एवं छोटी-छोटी गठाने हों। हाथ-पैर में लगातार झुनझुनी या सुन्नपन हो। हाथ-पैर में कोई विकृति हो त्वचा पर दूधिया सफेद दाग कुष्ठ रोग नहीं है। कुष्ठ रोग आती-जाती रहने वाली बीमारी नहीं है। कुष्ठ रोग की शंका होने पर शंकास्पद व्यक्ति को तुरंत पास के अस्पताल में जांच कराने हेतु भेजें। सभी शासकीय अस्पतालों में कुष्ठ रोग का इलाज निःशुल्क उपलब्ध है।

# जिला स्तरीय युवा उत्सव में पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला स्तरीय युवा उत्सव 2025 का आयोजन जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण महासमुद्र द्वारा 9 व 10 दिसंबर को शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन एवं डॉ. बीआर अम्बेडकर सांस्कृतिक भवन में किया गया था। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में लोकगीत गायन विधा में दिनेश साहू, प्रहलाद साहू, भूपेश साहू, पूनम साहू, लेमेंद्र साहू, खिलेश साहू, झलेन्द्र साहू, चांदनी सेन की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नशामुक्त भारत युवाओं के लिए स्वस्थ जीवन शैली विषय पर



आधारित चित्रकला में रितिक पहरिया प्रथम एवं अजय ध्रुव तृतीय स्थान पर रहे। भारत में आपातकालीन अवधि और संविधान उल्लंघन एवं लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा विषय पर नुसरत जहां ने विपक्ष में अपनी बात मजबूती से रख प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कविता लेखन में ऋचा चंद्राकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यार्थियों की उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो करूणा दुबे, डॉ. रीता पांडेय, डॉ मालती तिवारी, डॉ दुर्गावती भारतीय, अजय राजा, राजेश्वरी सोनी, प्रदीप कन्हेर, दिलीप बढ़ई, दिलीप लहरे, आशुतोष गोस्वामी सभी ने हर्ष जताया है।

## शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान हमेशा याद किया जाएगा : योगेश्वर



**महासमुंद।** अमर शहीद, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर ग्राम डूमरपाली में आयोजित कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर देने वाले हमारे प्रदेश के आदिवासी जन-नायक वीर नारायण सिंह सच्चे देशभक्त थे।

# बसना जनपद में सरपंचों को दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

जनपद पंचायत बसना के सभा कक्ष में ग्राम पंचायतों के सरपंचों का प्रशिक्षण सह समीक्षा बैठक रखी गई। जिसमें उन्हें महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत जल संरक्षण तथा संवर्धन से संबंधित कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में उन्हें कार्यक्रम अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी (आरईएस) द्वारा सामुदायिक कार्यों में जल संवर्धन से संबंधित अर्दन डैम, ब्रशवुड चेक डैम, लूस बोल्डर चेक डैम, गेबियन चेक डैम निर्माण, कच्ची नाली, डाइक निर्माण, नया तालाब निर्माण, गहरीकरण, वृक्षारोपण, नर्सरी, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, रिचार्ज पीट आदि के बारे में बताया गया। साथ ही हितग्राहीमूलक कार्यों में डबरी निर्माण तथा कुआं निर्माण कार्य के बार में बताया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बसना पीयूष सिंह ठाकुर ने बताया कि बसना ब्लॉक सेमी क्रिटिकल ब्लॉक में सम्मिलित है। अतः नरेगा के तहत एनआरएम कार्यों में 65 प्रतिशत व्यय किया जाना है। इसके लिए सभी अधिक से अधिक स्वीकृति के लिए फाइल प्रेषित किए जाने तथा स्वीकृत कार्यों को प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिए गए। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत सभी पंचायतों में कार्य प्रारंभ किए जाने के साथ ही प्रधानमंत्री आवास के स्वीकृत कार्यों को पूर्ण किए जाने तथा लोगों की सहभागिता से आवासों में सोक पीट निर्माण कार्य कराए जाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायतों की सरपंचगण उपस्थित रहे।

# कैंप लगाकर इतिहासकार ने भगवान करिया धुरवा पर किया विस्तृत शोध

**अर्जुनी (पिथौरा)।** विगत दिनों इतिहासकार एवं पुरातत्ववेता रायपुर डॉ रामविजय शर्मा ने अर्जुनी में एक शोध कैंप का आयोजन कर कौडिया जमींदारी के लोक देवता भगवान करिया धुरवा पर शोध किया। भगवान करिया धुरवा कौडिया राज के राज परिवार की तीसरी पीढ़ी में थे। उनका विवाह रतनपुर राज के राजकुमारी देवी कुंवर के साथ तय हुई, वे बारात लेकर रतनपुर गये और शादी विवाह के पश्चात अपने गांव लौट रह थे। जब वे अर्जुनी गांव में पहुंचे, तब तक सवेरा हो गया और पूरी बारात पत्थर के मूर्ति के रूप में बदल गयी। यह घटना उस समय की है कि जब छहमासी दिन और छहमासी रात होता था। अर्जुनी में तालाब के किनारे करिया धुरवा एवं पुरूष बाराती पत्थर की मूर्ति के रूप में परिवर्तित हो गये तथा थोडी दूरी पर करिया धुरवाईन माता महिला सहेलियों के साथ पत्थर की मूर्ति के रूप में परिवर्तित हो गये। करिया धुरवा कौडिया राज्य (जमींदारी) के 179 गांव के मालिक थे। कौडिया जमींदारी में 52 तालाब तथा 180 कुआं था। उनके राज्य में शांति




समृद्धि व्याप्त थी तथा लोग धार्मिक प्रवृत्ति के थे तथा धर्म के कार्यों में लगे रहते थे। मारकाट तथा चारी डकैती नहीं होती थी। करिया धुरवा ने सिंचाई की अच्छी व्यवस्था की थी, जिससे कृषि अच्छी होती थी और किसान खुशहाल थे।

अर्जुनी ग्राम पिथौरा तहसील जिला महासमुंद के अंतर्गत एक प्राचीन गांव है, जो मुढ़ीपार ग्राम पंचायत के अंतर्गत स्थित है तथा पिथौरा से 3 किमी की दूरी पर है। शोध आगे भी जारी है। गांव के लोगों को पता चला कि भगवान करिया धुरवा बहुत शक्तिशाली है। तब 21 गांव के लोगों ने चंदा कर भगवान करिया धुरवा का मंदिर बनवाया। इसी तरह भगवती करिया धुरवाईन माता का मंदिर भी बनाया जा रहा है। पहले मूर्तियां एक चबूतरे पर स्थापित थी। भगवान करिया धुरवा के मंदिर में मन्नत मांगने पर संतान की प्राप्ति होती है तथा अन्य मनोकामना पूरी होती है। मन्नत पूरी होने पर भक्त लोग भगवान करिया धुरवा को काले बकरे तथा भगवती करिया धुरवाईन को काली बकरी की बली देते है। मेला अगहन पूर्णिमा के अवसर पर लगता है तथा 3 दिवस का रहता है। जिसमें रात्रि में राउत नाचा, सुआ नृत्य तथा गम्मत भी होता है। शोध कैंप में पूर्व जनपद सदस्य तोरण बैरागी बागबाहरा, पूर्व सरपंच प्रदोप पटेल मुढ़ीपार, रण सिंह ध्रुव राजपरिवार का सचिव, गणेश राम ध्रुव, प्रमुख बैगा सोनू राम ध्रुव, बैगा तुला राम विश्वकर्मा, देवनारायण पटेल, रूपसिंह ध्रुव, झनकराम पटेल, प्रेमशंकर पटेल अध्यक्ष, राम दास मानिकपुरी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रह कर शोध कैंप को सफल बनाए।



## नवंबर माह के राशन नहीं मिलने से बिरकोनी के 650 परिवार परेशान : तुषार

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत बिरकोनी में चौपाल लगाकर भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं। ग्रामीण मोरध्वज साहू ने बताया कि नवंबर माह के 650 परिवार को राशन न मिलने से परेशान है। गरीब परिवारों के लिए मुख्य भोजन का स्रोत राशन होता है, जो न मिलने से भुखमरी की स्थिति पैदा हो सकती है। अनाज खरीदने के लिए अतिरिक्त पैसे खर्च करने पड़ते हैं, जिससे परिवार के अन्य खर्चे प्रभावित होते हैं। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से जल्द से जल्द नवंबर माह के राशन दिलाने की मांग की है। मोरज साहू, रेमान साहू, सुरेश चंद्राकर, हरिशंकर साहू, राजेंद्र चंद्राकर, मोहन निषाद, दुष्यंत चंद्राकर, फलेश्वर पटेल, टीकम साहू, रिंकू पटेल, लोकेश साहू आदि ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## चिरको के नवीन महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्राचार्य एचएल दीवान के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एचएल दीवान ने मानव अधिकार की सार्वभौमिक घोषणा, आवश्यकता व तात्कालीन समय मांग उसके सदस्य राष्ट्रों पर प्रभाव पर अपना विचार साझा किए। सहायक प्राध्यापक एसएस वर्मा ने कहा कि मानव अधिकार हमें जन्म से प्राप्त होते हैं, यह किसी राज्य द्वारा प्रदत्त नहीं है। यह सार्वभौमिक अधिकार हम सब में निहित है। इस अवसर पर छात्र छात्राएं नूतन निषाद, प्रांजल साहू, करण कंसारी ने अपना विचार व्यक्त किए। सहायक प्राध्यापक तरुण कुमार ध्रुव व लता भोई ने कहा कि मानव अधिकारों की रक्षा करना न केवल न्यायालय बल्कि मानव समाज की भी जिम्मेदारी है। हमें अपने कर्तव्यों को नहीं भूलना चाहिए। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवक एवं अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सोहम हास्पिटल में हृदय रोग जांच कल

**महासमुंद।** सोहम हॉस्पिटल 12 दिसंबर शुक्रवार को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुलभ चंद्राकर सोहम हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे। जिसमें ओपीडी निःशुल्क रहेगा। ईसीजी, इको एंड लिपिड प्रोफाइल जैसे टेस्ट की लाभ ले सकते हैं। साथ ही बीपी की समस्या, चलने में हाफ ना, सोने में दर्द या दबाव, डिवाइस क्लोज़र, मधुमेह, पेसमेकर, वाल्वुलोप्लास्टी की जांच की जाएगी।

### नित्य योग का रजत जयंती कल

**महासमुंद।** शहर में योग का निरंतर 25 वर्ष पूर्ण होने पर योगभवन में 25वी वर्षगांठ पर 12 दिसंबर शुक्रवार को स्वामी शिवानन्द योगभवन कचहरी चौक में सुबह 10 बजे से भजन कीर्तन एवं 12 बजे से भोजन प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी दौलत चंद्राकर अध्यक्ष दिब्य जीवन संघ महासमुंद ने दी है।

### जेल में मानसिक स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिला जेल में बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श किया गया। इस दौरान बंदियों को नशा के लत और नशा के दूष प्रभाव के बारे में बंदियों बताया गया। जेल उप अधीक्षक मुकेश कुमार कुशवाहा मौजूद रहे। मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता, खोमन लाल सीनियर नर्सिंग ऑफिसर व टीम द्वारा 53 बंदियों में 12 मरीजों में एल्कोहल विथड्रावल, नींद की कमी डर, भय की परेशानी मानसिक जांच एवं परामर्श किया गया।



### सुकेश ट्राइसाइकिल पाकर उत्साहित

**नर्रा।** जनपद पंचायत बागबाहरा के क्षेत्र क्रमांक 25 के जनपद सदस्य लोचन पटेल के प्रयास से ग्राम बिन्द्रावन निवासी दिव्यांग सुकेश नागपुरे को जनपद पंचायत बागबाहरा में ट्राइसाइकिल प्रदाय किया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष तरूण व्यवहार, जनपद सदस्य लोचन पटेल,जनपद पंचायत बागबाहरा के अधिकारी मान सिंह बरिहा मौजूद रहे।

**श्रद्धांजलि : छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी को किया नमन**

# कांग्रेस भवन में मनाई गई शहीद वीर नारायण सिंह की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



गांधी कांग्रेस भवन में प्रदेश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी एवं छत्तीसगढ़ के गौरव अमर शहीद वीर नारायण सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजन, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा कार्यकर्ताओं एवं शहर के नागरिकों ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरुआत वीर नारायण सिंह के जीवन-संघर्ष, उनके बलिदान और राष्ट्रहित में किए गए अद्वितीय योगदान को याद करते हुए की गई।

शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल ने कहा कि वे न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश के किसानों, आदिवासियों और वंचित वर्गों की आवाज थे। अंग्रेजी अत्याचारों के खिलाफ उन्होंने जिस साहस और दृढ़ता के साथ संघर्ष किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि वीर नारायण सिंह का बलिदान हमें अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की शक्ति देता है। उनका यह संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है कि जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति का जीवन सम्मानजनक नहीं हो जाता, तब तक हमारा कर्तव्य पूरा नहीं होता। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, महासमुंद नगर पालिकाध्यक्ष निखिलकांत साहू, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, दाऊलाल चंद्राकर, प्रमोद चंद्राकर जिला अध्यक्ष वनोपज संघ, कृष्ण कुमार चंद्राकर पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष, सोमेश दवे संयुक्त महामंत्री, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, गौरव चंद्राकर महामंत्री, शाहबाज रजवानी एनएसयूआई जिला अध्यक्ष, नितेंद्र बैनर्जी सेवादल, निर्मल जैन कोषाध्यक्ष, सुनील चंद्राकर, मिंदर चावला, कपिल साहू, देवेश शर्मा, प्रकाश अजमानी, मनोहर ठाकुर, तबरेज खान, डॉ. एजाज नकवी, मोती साहू, गोपीचंद तारक, टोमन सिंग कागजी, सचिन गायकवाड, सन्नी महानंद, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, आकाश निषाद, भानु सोनी एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं अनेक नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने देश और प्रदेश के हित में उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया। अंत में मौन रखकर शहीद वीर नारायण सिंह की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।



## खुटेरी में छात्रों ने शहीद वीर नारायण सिंह को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अरंड (पिथौरा)।

10 दिसंबर 2025 को प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुटेरी के छात्रों ने छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीरनारायण सिंह को स्मरण करते हुए उनके शहादत दिवस पर नमन किए। इस अवसर पर बच्चों ने उनके छायाचित्र का पूजन कर तिलक वंदन किये। साथ ही वीरनारायण सिंह की याद में कक्षा पहली व दूसरी की बालिकाओं ने छात्र कपिल के द्वारा लाये गए रजनीगंधा के पौधे का रोपण किया। छात्रसभा को पूर्व माध्यमिक विद्यालय खुटेरी के प्रभारी प्रधानपाठक पालेश्वर पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि वीरनारायण सिंह हमारे छत्तीसगढ़ के गौरव है, ऐसे महापुरुषों का छायाचित्र अपने घरों में रखकर उनसे प्रजा हित की प्रेरणा लेनी चाहिए। शिक्षक कुमुदिनी बरिहा ने वीरनारायण सिंह की वीरता का बखान किए। सहायक शिक्षक भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने कक्षा शिक्षक होने के नाते पर्यावरण विषय कक्षा पांचवी अध्याय 27 छत्तीसगढ़ के सपूत का उदाहरण देते हुए विषय से जोड़कर शहीद वीरनारायण सिंह के जीवन वृतांत का वर्णन किए, जो श्रवणीय था। अंत में प्राथमिक विद्यालय खुटेरी के प्रधानपाठक डोलामणी साहू ने अपने स्वरचित गीत छत्तीसगढ़ के रतन बेटा, जेकर भुंइया सोनाखान, मान बढ़ाइस महतारी के वीरनारायण वोकर नाम के वीरता गीत बच्चों के साथ गाये। वंदेमातरम राष्ट्रीय गीत और शहीद वीरनारायण सिंह अमर रहे जय घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



### शहीद वीर नारायण सिंह की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में बुधवार को छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आदिवासी जननायक शहीद वीर नारायण सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान भूषण चंद्राकर ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह ने छत्तीसगढ़ के लिए अपने प्राणों को भी न्यौछावर कर दिया। और अंग्रेजों को नाको चने चबाने को मजबूर कर दिया था। एक ऐसे ही वीर हैं छत्तीसगढ़ की माटी में पैदा हुए शहीद वीर नारायण सिंह। इन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ मोर्चा खोलकर उन्हें सेना समेत खदेड़ा था। शहीद वीर नारायण सिंह की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप से भी मनाया जाता है। इस मौके पर मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, बबली चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर,भूषण चंद्राकर आदि मौजूद थे।



### बलिदान दिवस पर शहीद वीर नारायण सिंह को किया याद

महासमुंद। गरीबों और किसानों के मसीहा व छग का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर सिरपुर स्थित उनकी प्रतिमा पर मातृभूमि के प्रति योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज परिक्षेत्र सिरपुर के अध्यक्ष रामप्रसाद ध्रुव, पुष्पा माली सरपंच सिरपुर, राधेश्याम ध्रुव पूर्व जिलाध्यक्ष ध्रुव गोंड़ समाज, जयलाल नेताम (कोषाध्यक्ष), बाबूलाल ध्रुव (संचालक), रूपसिंह ध्रुव, दिलीप जैन, निहाल सोनकर, राजेश ठाकुर, वीरेंद्र नेताम, प्रेमसिंह नेताम, पंचराम ध्रुव, चोवा राम ध्रुव, श्रद्धा ध्रुव, मोना ध्रुव, कामदेव, मनीराम सहित सगाजन उपस्थित रहे।

### तुलेश बरिहा बने सहायक संचालक

खल्लारी। खल्लारी क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम सोरम सिंघी के निवासी व शिक्षक देवलाल बरिहा के पुत्र तुलेश कुमार बरिहा छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की कठिनतम परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग के पद में चयनित हुए हैं। तुलेश कुमार बरिहा ने कुल 627.5 अंक अर्जित किए। उनके चयन पश्चात ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच तारेश साहू व खल्लारी व्यवसायी मनहरण गुप्ता ने उनके गृह ग्राम सोरम सिंघी पहुंच कर पुष्पमाला से स्वागत अभिनंदन कर कलम भेंट किया। इस दौरान देवलाल बरिहा, अवध यादव, ग्रहण बरिहा, जीवन साहू, करण ध्रुव, मनहरण साहू, दुवन ध्रुव, गंगाधर साहू, धनेश बरिहा, दीना रावत, घनश्याम निषाद, दाऊलाल ध्रुव, इन्द्रुराम बरिहा, टोवाराम, डुगेश बरिहा, चेतन बरिहा, कुलेश्वर बरिहा, पवन बरिहा, दुर्गेश साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## सांसद के प्रयासों से छुईपाली-पालीडीह सड़क निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृति, 3293.24 लाख मंजूर

**व्यापारी, किसान, विद्यार्थी एवं आमजन को आवागमन में समय और लागत में मिलेगा लाभ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

ग्राम छुईपाली से पालीडीह तक सड़क निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति मिलना संपूर्ण क्षेत्र के लिए गर्व, उत्साह और विकास की नई संभावनाओं से भरा ऐतिहासिक क्षण है। यह उपलब्धि सांसद रूपकुमारी चौधरी के सतत प्रयास, मजबूत नेतृत्व और क्षेत्र के जनहित के प्रति समर्पित प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष परिणाम है।

इस सड़क निर्माण के लिए 32 करोड़ 93 लाख 24 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जो क्षेत्र की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस परियोजना की स्वीकृति के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार प्रकट किया।

जिन्होंने इस महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना को मंजूरी प्रदान कर क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूर्ण किया।

ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन अत्यधिक सुगम होगा। व्यापारी, किसान, विद्यार्थी, व्यवसायी एवं आमजन को आवागमन में समय और लागत में उल्लेखनीय लाभ मिलेगा। रोजगार, व्यापार एवं परिवहन गतिविधियों को नई गति मिलेगी। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच तेज़ एवं सरल होगी।

प्रसिद्ध पर्यटन स्थल शिशुपाल तक यात्रियों एवं पर्यटकों का आवागमन सुरक्षित, सहज व सुविधाजनक होगा, जिससे स्थानीय पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। यह सड़क आगामी समय में स्थानीय विकास, अर्थव्यवस्था, पर्यटन, सामाजिक सुविधाओं और क्षेत्र के सम्पूर्ण प्रगति को नई दिशा प्रदान करते हुए मील का पत्थर सिद्ध होगी।

## एसआईआर की अंतिम तिथि आज



**महासमुंद।** मतदाता गहन पुनरीक्षण एसआईआर की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण करने नपा उपाध्यक्ष एवं भाजपा महासमुंद विधानसभा के बीएलए वन देवीचंद राठी बूथ क्रमांक 177 शासकीय आशीबाई स्कूल में पहुंचकर बीएलओ अंजुला चौरसिया से विस्तृत जानकारी ली। बूथ में 76 मृत व 88 मतदाता बाहर जा चुके है। 198 लोगों की अभी तक जानकारी नहीं दी है। 700 मतदाताओं का ऑनलाइन हो चुका है। एसआईआर की अंतिम तारीख 11 दिसंबर है। राठी ने इसके अलावा शहर के बाकी मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि 11 दिसंबर एसआईआर की अंतिम तारीख है, जिन्होने जानकारी फार्म में भरकर नहीं किया है कि वे शीघ्र जमा करें। इसके बाद दावा आपत्ति की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम में छात्राओं की रही सहभागिता, किया गया सम्मानित

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी के छात्राओं द्वारा प्राचार्य डोमन सिंह टंडन के मार्गदर्शन में सांसद खेल महोत्सव और दिव्यांग दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान कर स्थान प्राप्त किया। सांसद खेल महोत्सव में कक्षा बारहवीं की जाह्नवी साहू ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में शामिल होकर उपविजेता बनने का गौरव प्राप्त किया तथा महासमुंद में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम जो विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए आयोजित था में डेगेश्वरी साहू कक्षा बारहवीं की छात्रा ने रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सांसद खेल प्रतियोगिता की तैयारी व्याख्याता रवि प्रकाश पात्रे ने करवाई एवं दिव्यांगजनों की प्रतियोगिता के लिए तैयारी व्याख्याता परस राम सिन्हा द्वारा करवाई गई। इन दोनों छात्राओं को विद्यालय स्तर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्यातागण नेशलाल धृतलहरे, आनंद राम व्यौहार, नीलू सोनी, बीएल टंडन, भोज राम ध्रुव, आशीष कुमार दीवान, कुलेश्वर सिंह ठाकुर, सहायक शिक्षक उदेश्याम यादव, देवानंद चंद्राकर, मौसमी चंद्राकर, व्यावसायिक शिक्षक लीलाधर वर्मा, पुष्कर वर्मा कार्यालयीन कर्मचारी रईस मिर्जा, कार्तिक राम यादव सहित समस्त छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## बसना शिक्षा विभाग को बड़ी सफलता, जिले में नवोदय एंट्रेंस रजिस्ट्रेशन में मिला दूसरा स्थान, किया सम्मान

**बसना।** शिक्षा विभाग बसना ने आज एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए पूरे जिले में नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए दूसरे सबसे अधिक रजिस्ट्रेशन प्राप्त किए। इस उपलब्धि को लेकर आयोजित नवोदय एंट्रेंस एग्जाम ओरिएंटेशन प्रोग्राम की बैठक में विभाग को सम्मानित किया गया।

समारोह में एडिशनल कलेक्टर सचिन भूतड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे तथा नवोदय विद्यालय के प्रिंसिपल रहाटे ने बसना विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे को विशेष रूप से सम्मानित किया। यह सम्मान उनकी नेतृत्व क्षमता और शिक्षा विभाग बसना की उत्कृष्ट टीमवर्क का परिणाम बताया गया। इस अवसर पर बसना शिक्षा विभाग की टीम को भी सम्मानित किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से लोकेश्वर सिंह कंवर (असिस्टेंट ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर), अनिल सिंह साव (ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर), सभी प्रिंसिपल, क्लस्टर कोऑर्डिनेटर, प्राइमरी हेड टीचर तथा नवोदय तैयारी कराने वाले सभी शिक्षक शामिल थे। इसके अतिरिक्त शिक्षा विभाग के कर्मियों वारिस कुमार, शरण कुमार दास, गजेंद्र नायक, विजय कुमार, नीलांबर नायक, गजानंद भोई ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। विभाग ने कहा कि यह उपलब्धि बसना ब्लॉक के सामूहिक प्रयास, नियमित मॉनिटरिंग और शैक्षणिक गुणवत्ता के प्रति समर्पण का परिणाम है। आगे भी बच्चों को बेहतर अवसर दिलाने हेतु इसी तरह प्रयास जारी रखने का संकल्प लिया गया।

### किसानों का रकबा कम किए जाने और नहीं कटने से किसान परेशानः राकेश



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने प्रदेश में किसानों के रकबा कम किए जाने और टोकन नहीं कटने सहित अन्य समस्याओं के खिलाफ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। विदित हो कि छत्तीसगढ़ में गिरदावरी में किसानों का सरकार द्वारा त्रुटि वर्ष रकबा कम कर दिया गया है। साथ ही वर्तमान में धान फसल बेचने के लिए किसानों का टोकन सही तरीके से नहीं कट पा रहा है, उनको लंबी लाइन लगाकर चार-पांच दिनों का इंतजार करना पड़ रहा है। कुछ जगह सूचना मिली है कि सिर्फ जितना कर्ज है उतना ही धान लिया जा रहा है। इस संबंध में आम आदमी पार्टी द्वारा किसानों का रकबा कम होने, टोकन नहीं कटने और धान खरीदी में जारी अन्य अव्यवस्था का विरोध एवं आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश झाबक द्वारा नाराजगी व्यक्त किया गया।




## पीपीटी प्रस्तुतीकरण से छात्रों में विषय की गहरी समझ व कौशल विकसित होता हैः अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य करुणा दुबे के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष अजय कुमार राजा के मार्गदर्शन में 9 दिसंबर 2025 मंगलवार वाणिज्य संकाय के एम कॉम प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए आंतरिक असाइनमेंट के अंतर्गत पीपीटी प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया गया। जिसके लिए कक्षा के छात्र-छात्राओं को 13 समूह में विभाजित किया गया। प्रत्येक समूह में पांच विद्यार्थी सम्मिलित थे। समूह के छात्र छात्राओं द्वारा पीपीटी प्रस्तुतीकरण के तहत प्रस्तुत किए गए, टॉपिक इस प्रकार रहे, प्रथम समूह प्रबंधकीय अर्थशास्त्र की प्रकृति एवं क्षेत्र का वर्णन यह परंपरागत अर्थशास्त्र से किस प्रकार भिन्न है, द्वितीय समूह-अपीलेट ट्रिब्यूनल से संबंधित प्रावधान, तृतीय समूह सांख्यिकी अनुसंधान से आप क्या समझते हैं एक सांख्यिकी अनुसंधान के विभिन्न चरणों का वर्णन कीजिए, चतुर्थ समूह-पूंजी निर्गमन हेतु सेबी के दिशा निर्देश, पंचम समूह आंतरिक पुनर्निर्माण से गुजर रही एक काल्पनिक कंपनी की केस स्टडी, छटवा समूह प्राथमिक समंको के संग्रहण की विधियां, सातवा समूह विनिमय साध्य अभिलेख की प्रस्तुति, आठवां समूह प्रायिकता के योग प्रमेय, गुणन प्रमेय एवं प्रतिबंधित प्रायिकता को समझाइए, नववा समूह -कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची 111 के अनुसार वित्तीय विवरणों का निर्माण और विश्लेषण, दशवा समूह आयकर विवरणीय आईटीआर दाखिल करने की प्रक्रिया एवं प्रकार, ग्यारहवां समूह, टीडीएस और टीसीएस की कार्य प्रणाली, बारवा समूह अपकिरण की मापन की विधियों के सूत्रों का वर्णन, तेरहवां समूह लाभ अधिकतमीकरण की अवधारणा, इस प्रकार 13 विषय टॉपिक पर पीपीटी के द्वारा प्रस्तुतिकरण कर असाइनमेंट का आयोजन किया गया। इस असाइनमेंट आयोजन पर अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य संकाय द्वारा कहा गया कि इस तरह के प्रस्तुतीकरण से विद्यार्थियों में मंच पे आकर बोलने की झिझक दूर होती है, विषय के प्रति रुचि, जानकारी व ज्ञान बढ़ता है। विषय की गहरी समझ व प्रस्तुतीकरण कौशल विकसित होता है। तकनीकी कौशल में सुधार होता है व सृजनात्मकता बढ़ती है। टीमवर्क से नेतृत्व क्षमता बढ़ती है व सहयोग की भावना का विकास होता है।

पीपीटी प्रस्तुतीकरण का संचालन वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक मनबोध चौहान व धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक राजेश्वरी सोनी द्वारा किया गया। इस असाइनमेंट प्रस्तुति में सहायक प्राध्यापक मनीषा प्रधान परवीन नजीब, डॉ भूपेश पात्रा, रोहित ढीमर, एम.कॉम प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के समस्त छात्र-छात्राओं सहित बी कॉम अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।